नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 122/NCRES/20 Date : 13.6.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य विद्युत ईंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– कोविड–19 के संक्रमण के बावजूद रनिंग स्टाफ को ड्यिूटी के दौरान एवं रनिंग रूम में शोशल डिस्टेन्सिंग एवं सैनिटाजेशन की व्यवस्था न करना।

महोदय,

अवगत कराना है कि भारतीय रेल का रनिंग स्टाफ एक ऐसी कैटेगिरी है जो कोविड–19 के इस विश्वव्यापी महामारी के समय देश में सम्पूर्ण लाकडाउन और अनलाक–1 में भी अपनी जान जोखिम में डाल कर ट्रेनों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित ले जाने का कार्य कर रहा है। इस दौरान रनिंग स्टाफ को न केवल इंजन मे बल्कि रनिंग रूम में भी कोरोना वायरस के संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा है।

इस सम्बन्ध में NCRES को खेद के साथ अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में ज्यादातर रनिंग रूमों को न तो सैनिटाइज किया जा रहा है एवं न ही वहाँ सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन किया जा रहा है। कर्मचारियों के बिस्तरों को पास–पास लगा दिया गया है, खाने की टेबिल पर एक साथ खाना परोसा जा रहा है। इसके अतिरिक्त बिस्तरों को बिना सैनिटाइज किये चादर बदल कर दूसरे क्रू को दे दिया जाता है, जिसके कारण रनिंग स्टाफ संक्रमण के डर से भय के वातावरण में कार्य करने को मजबूर है जो कि संरक्षा के लिहाज से उचित नही है।

अतः अनुरोध है कि रनिंग स्टाफ के लिये रनिंग रूम में निम्न सुविधायें मुहैया कराने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें।

(1) रनिंग रूम में एक बेड से दूसरे बेड की दूरी 6 फीट से कम न हो एवं जहां तक सम्भव हो सभी को अलग–अलग कमरे दिये जाय।

(2) रनिंग रूम के प्रत्येक कमरे का दूसरे स्टाफ को दिये जाने से पूर्व पूर्ण रूप से सैनिटाइज किया जाय।

(3) जहां एक से अधिक बेड हो वहां प्रत्येक 8 घन्टे पर बेड, सामान आदि को सैनिटाइज किया जाय।

(4) डाइनिंग हाल में छोटी–छोटी मेजों को मंगाया जाय ताकि लोग अलग–अलग बैठकर खाना खा सके।

(5) चादर, गद्दे, मच्छरदानी को भी सैनिटाइज कराने के बाद दूसरे को दिया जाय।

(6) इंजन में चूंकि LP एवं ALP दो लोग रहते है एवं वहां जगह की कमी रहने के कारण सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन नही हो पाता है। अतः अधिकारी/लोको इंसपेक्टर आदि का फुलप्लेट इंसपेक्शन लर्निंग आदि का कार्य फिलहाल टाल दिया जाय।

(7) रनिंग स्टाफ को मास्क, सेफ्टी किट, सेनिटाइजर, टिशू पेपर, चश्में आदि का पर्याप्त मात्रा में वितरण किया जाय।

(8) लोको मोटिव का चेंज प्वाइन्ट एवं शंटिंग के बाद सैनिटाइजेशन किया जाय।

(9) रनिंग रूम हर डिवीजन/हेडक्वाटर के अलग–अलग हों।

(10) रनिंग रूम की रेलिंग/फर्श/दरवाजे/हैंडिल आदि का नियमित सैनिटाइजेशन किया जाय।

धन्यवाद।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री